**श्रीमती अलका पण्डा (डीआईएन 08524514)** 1983 बैच के उड़िसा कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। इन्होंने राजस्थान, जयपुर से रसायन शास्त्र में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है। अपने सेवा–काल में उन्होंने अन्य बातों के साथ–साथ उड़ीसा सरकार, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग तथा जनजाति कल्याण विभाग के सचिव का पद सम्हाला। भारत सरकार में 2010 में प्रतिनियुक्ति के पहले ये उड़ीसा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी थीं। जुलाई, 2017 में भारतीय मानक ब्यूरो, नई दिल्ली के महानिदेशक के पद से सेवा–निवृत हुईं। यह पद भारत सरकार में सचिव के पद के समतुल्य है। इन्हें 10.07.2019 से सीएमपीडीआई के बोर्ड में गैर–सरकारी अंशकालिक निदेशक नियुक्त किया गया है।